भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 448

21 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

विषय:- पीएम-किसान के अंतर्गत लाभार्थी

448. श्री बैन्नी बेहननः

श्री के. राधाकृष्णनः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार पीएम-किसान के अंतर्गत पंजीकृत और लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या भूमि रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं या आधार बेमेल होने के कारण किसी भी पात्र किसान को योजना से बाहर रखा गया है;

(ग) योजना की शुरुआत से लेकर अब तक संवितरित की गई कुल निधि कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का वार्षिक सहायता राशि को 6000 रुपये से बढ़ाने का विचार है?

<u>उत्तर</u>

<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>

(क): पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 23वीं किस्त में लाभान्वित किसानों और उन्हें जारी की गई राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख): पीएम-किसान योजना के तहत, भूमि के कागजों का सत्यापन, ईकेवाईसी और बैंक खाते से आधार को जोड़ना पात्रता और योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए अनिवार्य शर्तें हैं। राज्यों द्वारा सत्यापित पात्र लाभार्थियों के लिए, लाभ तुरंत बाद की किस्तों में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं।

(ग): पीएम-किसान योजना के तहत, भारत सरकार ने योजना की शुरुआत के बाद से 23 किस्तों के माध्यम से लाभार्थियों को 4.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है।

(घ): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध

योजना की 23वीं किस्त में लाभान्वित किसानों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण और 16.07.2026 तक उन्हें जारी की गई राशि

#	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	23वीं किस्त (26 अप्रैल से 26 जुलाई)	
		लाभार्थियों की संख्या	संवितरित राशि (करोड़ रुपये में)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	12,859	2.5718
2	आंध्र प्रदेश	38,89,936	777.9968
3	अरुणाचल प्रदेश	84,352	16.8704
4	असम	18,56,962	371.501
5	बिहार	73,04,821	1,460.96
6	चंडीगढ़	321	0.0642
7	छत्तीसगढ़	24,41,307	488.381
8	दिल्ली	6,982	1.3964
9	गोवा	3,371	0.6742
10	गुजरात	51,04,469	1,021.14
11	हरियाणा	15,87,094	317.5524
12	हिमाचल प्रदेश	8,02,972	160.5968
13	जम्मू एवं कश्मीर	8,67,973	173.6036
14	झारखंड	19,23,007	384.6014
15	कर्नाटक	41,30,436	826.1608
16	केरल	28,71,911	574.3996
17	लद्दाख	18,340	3.6688
18	लक्षद्वीप	2,170	0.434
19	मध्य प्रदेश	81,65,837	1,634.61
20	महाराष्ट्र	90,55,669	1,811.67
21	मणिपुर	6,809	1.3618
22	मेघालय	1,82,566	36.5284
23	मिजोरम	1,26,044	25.39

24	नागालैंड	1,91,235	38.2788
25	ओडिशा	34,62,871	692.5774
26	पुडुचेरी	7,625	1.525
27	पंजाब	11,36,206	227.2412
28	राजस्थान	65,99,142	1,319.84
29	सिक्किम	35,433	7.0866
30	तमिलनाडु	21,56,992	431.7256
31	तेलंगाना	30,10,267	602.1104
32	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	11,633	2.3266
33	त्रिपुरा	2,15,856	43.1712
34	उत्तर प्रदेश	2,17,63,781	4,353.25
35	उत्तराखंड	7,94,973	158.997
36	पश्चिम बंगाल	46,02,428	924.8334
	कुल योग	**9,44,34,650**	**18,895.10**

*****